राजस्थान पत्रिका 19/10/16

पहल...

स्वच्छता की ली शपथ

केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान को हरा-भरा रखने की कवायद

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में मंगलवार को कर्मचारियों, वैज्ञानिकों व अधिकारियों ने निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी के साथ संस्थान को हरा-भरा व स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान निदेशक नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी कार्मिकों की भागीदारी जरूरी है। वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र सांख्यान ने स्वच्छता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय, राजकीय माध्यमिक विद्यालय एव संस्थान के कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली को डॉ. अरूण तोमर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मालपुरा के केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में स्वच्छता की शपथ लेते अधिकारी।

दैनिक भास्कर 19/10/16

मालपुरा. स्वच्छता पखवाड़े के मौके पर स्कूली छात्रों ने निकाली जनजागरण रैली।

मालपुरा में अविकानगर निदेशक व वैज्ञानिकों ने संस्थान में लगाई झाड़ू

छात्रों ने जनजानगण रैली निकाली, 15 दिन चलेगा स्वच्छता अभियान

भास्कर न्यूज़ | मालपुरा

केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में शरू किए स्वच्छता पखवाडे के तहत सर्वप्रथम संस्थान के निदेशक डॉ. एसएमके नकवी सहित तमाम वैज्ञानिकों व अधिकारी कर्मचारियों ने मंगलवार को संस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में झाड़ू लगा कर कचरा साफ किया। संस्थान में संचालित केंद्रीय विद्यालय व राजकीय माध्यमिक स्कूल के छात्र छात्राओं शिक्षकों व संस्थान कर्मियों ने जनजागरण रेली निकाल कर यहां रहने वाले लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया ।कार्यकारी निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने हरी दिखा कर रेली को रवाना किया । अविकानगर में स्वच्छता पखवाडा 31 अक्टूबर तक चलेगा । पखवाडे का शुभारंभ करते हुए निदेशक डॉ. एसएमके नकवी ने संस्थान के वैज्ञानिकों व अधिकारी कर्मचारियों को आह्वान किया है कि वे संस्थान परिसर को स्वच्छ बनाए । इस अवसर पर सभी वैज्ञानिकों व अधिकारियों कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। डॉ. सुरेंद्र कुमार सांख्यान ने सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम समनव्यक प्रभारी फार्म अनुभाग श्याम सिंह ने बताया कि भारत सरकार व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में संस्थान में संचालित पखवाडे के दौरान प्रतिदिन विभन्न क्षेत्रों में जनजागरण कर स्वच्छता अभियान के इस पखवाड़े को सफल बनाया जाएगा।